# विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश,

राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.)
दूरभाष क्र. 0755-2641271, 2641724, वेबसाइट : aviation.mp.gov.in, ईमेल : mpaviation@mp.gov.in

क्रमांकः ई–2 / दिव्यांगजन / 866 भोपाल, दिनांकः 04 अगस्त, 2024

## –::विज्ञप्ति::–

दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित अनुसूचित जाति के अंतर्गत सहायक ग्रेड–3 एवं सामान्य श्रेणी के अंतर्गत क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के रिक्त पद पर भर्ती वॉक–इन इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

दिव्यांगजन के रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विज्ञापित पद का नाम एवं श्रेणी (दिव्यांगजन हेतु) | केडर अंतर्गत कुल पदों की संख्या | | आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक एवं समय | कार्यालय का नाम, जहाँ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रल, पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | बहरे और कम सुनने वाले | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सहायक ग्रेड–3 | 01 | — | दिनांक 30.09.2024 सायं 05:00 बजे तक | विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश, राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.) |
| 2. | क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) | — | 01 | | |

1. **वेतनमान** :– सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु वेतनमान 19500–62000 / – एवं क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु वेतनमान 15500–49000 / – में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. सी. 3–13 / 2019 / 3 / एक, दिनांक 12.12.2019 अनुसार नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाकर परिपत्र अनुसार स्टायपेंड के रूप में वेतन देय होगा ।

2. **शैक्षणिक अर्हताएं** :–

**2.1 सहायक ग्रेड–3 हेतु :–**

(1) लिपिक वर्गीय सहायक ग्रेड–3 हेतु हायर सेकेंडरी परीक्षा (पुरानी प्रणाली) या हायर सेकेंडरी परीक्षा (10 + 2) प्रणाली में उत्तीर्ण होना चाहिए ।

(2) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (सीपीसीटी) में कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी टाईपिंग उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र (स्कोर कार्ड) । इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल का परिपत्र क्र. सी–3–15 / 2014–1 / 3 भोपाल दिनांक 04 जुलाई, 2018 भी लागू होगा।

**2.2 क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) हेतु :–**

(1) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. सी–3–06 / 2011 / 3 / एक, दिनांक 18. 05.2011 अनुसार चतुर्थ श्रेणी (क्लीनर) के पद पर नियुक्ति कि लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

नोटः– 
1. **उपर्युक्त सभी अर्हताएं आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है ।**
2. **अभ्यार्थी का चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जावेगा ।**

निरन्तर...2

3. आवेदन पत्र के साथ अधोलिखित दस्तावेज एवं जानकारी संलग्न करें –

(1) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट साईज के स्व प्रमाणित दो फोटोग्राफ्स ।

(2) मध्यप्रदेश का मूल/स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र ।

(3) आयु सीमा – 18 से 45 वर्ष (सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 04 जुलाई, 2019 अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है ।) आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2024 के आधार पर की जायेगी ।

(4) सहायक ग्रेड–3 के आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति से संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

(5) दिव्यांगता का डिजिटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा । (अभ्यर्थी के चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराया जायेगा।)

(6) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र ।

(7) विवाह के लिये नियत की गयी न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे । जिस आवेदक की दिनांक 26.01.2001 या इसके बाद शासन निर्देश से अधिक संतान वाले, आवेदन के लिये पात्र नहीं होंगे ।

(8) यदि आवेदनकर्ता किसी शासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत है तो उसे आवेदन प्रस्तुत करने की सूचना कार्यालय प्रमुख को भेजते हुए उसकी प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

(9) भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम/शर्तों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित न की जाकर विभागीय वेबसाइट https://www.aviation.mp.gov.in पर अपलोड की जावेगी ।

(10) आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक एवं ऊपर दिये गये कार्यालय के पते पर स्वंय प्रस्तुत करें अथवा पंजीयत डाक से लिफाफे के ऊपर **"दिव्यांगजन के लिये चिन्हांकित पदों में से सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु अथवा क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु आवेदन पत्र"** अंकित करते हुए भेजें । किसी भी स्थिति में निर्धारित अंतिम दिनांक को कार्यालयीन समय पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा । डाक के माध्यम से विलम्ब से प्राप्त आवेदनों को मान्य नहीं किया जायेगा । अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण भरे हुये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा ।

4. सहायक ग्रेड–3 एवं क्लीनर (चतुर्थ श्रेणी) के पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

5. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्ध नियुक्ति हो जाने पर, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेंगी ।

6. किसी भी अभ्यर्थी/आवेदक/उम्मीद्वारों को यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जावेगा ।

**नोटः–** आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट https://www.aviation.mp.gov.in पर उपलब्ध है । विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन स्वीकार्य होगा । आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित दस्तावेजों के साथ **"आयुक्त, विमानन संचालनालय, मध्यप्रदेश, राजकीय विमानतल (स्टेट हैंगर), राजाभोज विमानतल रोड, भोपाल–462030 (म.प्र.)"** के पते पर निर्धारित तिथि एवं समय तक ही मान्य किये जावेंगे ।

**"किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार जिला भोपाल रहेगा ।"**

आयुक्त विमानन,
विमानन संचालनालय,
मध्यप्रदेश